# भावना रंग लाएगी | By Pankaj Modi Garg

प्रेम करले सांवरे से ज़िन्दगी बन जाएगी
क्यों फ़िक्र करता है तेरी भावना रंग लाएगी

भावना से श्याम रीझे भावना ही भक्तिं है
भावना जिनकी प्रबल है उनमे प्रभु की शक्ति है
धीरे धीरे आत्मबल की शक्ति बढ़ती जायेगी

प्रेम का रिश्ता प्रभु से ज्युं ज्यूँ बढ़ता जाएगा
उतना ही तू श्याम के नज़दीक आता जायेगा
सामना होगा प्रभु से वो घडी आएगी

दिल के तारों में बंधे बिन श्याम आ सकते नहीं
लाख तुम कोशिश कर लो उनको पा सकते नहीं
सामना होगा प्रभु से वो घडी आएगी

प्रेम करके देख बन्दे सांवरा मिल जाएगा
बिन्नू कहता नाम तेरा श्याम से जुड़ जाएगा
एक दिन तेरे तराने सारी दुनिया गायेगी
क्यों फ़िक्र करता है तेरी भावना रंग लाएगी
बोलो श्याम श्याम श्याम …………

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ad%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a8%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%b2%e0%a4%be%e0%a4%8f%e0%a4%97%e0%a5%80-by-pankaj-modi/